# University in News on 17 May 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### एलयू आयोजित करेगा इंटरनेशनल एल्युमिनाई एसोसिएशन समारोह

**ऑनलाइन कांफ्रेंस से मेंबरशिप अभियान की शुरुआत की**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय अपने शताब्दी वर्ष में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एल्युमिनाई एसोसिएशन समारोह का आयोजन करेगा। कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम होने पर इसकी रूपरेखा तय की जाएगी। इससे पहले लविवि देश-विदेश में फैले अपने पूर्व विद्यार्थियों को जोड़ेगा। लविवि ने शनिवार को ऑनलाइन कांफ्रेंस के माध्यम से शनिवार को इसके मेंबरशिप अभियान की शुरुआत की। लविवि ने आजीवन सदस्यता के लिए एक हजार रुपये फीस रखी है। विवि शताब्दी वर्ष में पूर्व विद्यार्थियों को जोड़कर आर्थिक संकट दूर करने की योजना पर भी काम कर रहा है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि सम्मेलन में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को विभागीय पूर्व छात्र समितियों से भी जोड़ा जाएगा। विवि एल्युमिनाई एसोसिएशन ने इस ऑनलाइन कांफ्रेंस का आयोजन किया। प्रो.निशि पांडेय ने इसका समन्वयन किया। कांफ्रेंस में देश से 180 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें प्रशासनिक, शैक्षणिक, पत्रकारिता और कार्यकारी कद के कई नाम शामिल थे। कुलपति ने कहा कि विवि एक ऐसी प्रणाली पर काम कर रहा है, जिसमें वे जल्द ही अपने संबंधित विभागों में अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए और नए विद्यार्थियों को पढ़ाने आ पाएंगे।

### प्रकाश दिवस पर प्रतियोगिताएं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस पर दो दिवसीय प्रकाश दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर बनाना, छायाचित्र, लेखन, आशुभाषण जैसी ऑनलाइन प्रतियोगिताएं हुईं। समापन समारोह में अहमदाबाद की फिजिक्स रिसर्च लैबोरेटरी के निदेशक डॉ. अनिल भरद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उन्हें धन्यवाद दिया। भौतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि भारत के तमाम मंदिरों में प्रकाश के सिद्धांत को श्रंखला स्थापत्य कला द्वारा दर्शाया गया है।

### काबिलियत को माना जाए शिक्षा का पैमाना

**लखनऊ।** जब तक काबिलियत को शिक्षा का पैमाना नहीं बनाया जाएगा, गैर बराबरी को दूर नहीं किया जा सकता है। कोरोना महामारी हमें सबक लेना चाहिये कि कोई भी बड़ा-छोटा नहीं होता, सभी को समानता का अधिकार मिलना चाहिए। यह बातें जेएनयू के प्रोफेसर रवि श्रीवास्तव ने कहीं। मौका था शनिवार को शिया पीजी कॉलेज में शनिवार से शुरू हुए दो दिवसीय वेबिनार का। वेबिनार का उद्घाटन लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

## NBT Page 4

### अल्मनाई भी बनेंगे स्टूडेंट्स के मेंटोर

**एलयू: अल्मनाई मीट में लॉन्च किया गया ऑनलाइन लीडरशिप जोन प्रोग्राम**

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को ऑनलाइन अल्मनाई मीट में अल्मनाई के लिए ऑनलाइन लीडरशिप जोन प्रोग्राम को लॉन्च किया गया। इसमें जूम ऐप से जुड़े अल्मनाई ने अपने विचार साझा किए। इनमें ज्यादातर अल्मनाई ने खुद को एलयू और स्टूडेंट्स की मदद के लिए वॉलंटियर किया। साथ ही स्टूडेंट्स के लिए मेंटोर बनने का सुझाव भी दिया।

एलयू की अल्मनाई असोसिएशन के समन्वयक प्रो. निशि पांडेय ने बताया कि सभी अल्मनाई के लिए एक अल्मनाई फाउंडेशन का एलयू वेबसाइट पर पोर्टल बनाया गया है। इसमें सभी अपनी एक्टिविटी से लेकर सारा डेटा पारदर्शी रूप से देख सकते हैं। अगर कोई अल्मनाई एलयू या किसी स्टूडेंट की आर्थिक मदद कर रहा है तो भी वह इस पोर्टल पर इससे संबंधित सभी जानकारी ले सकता है। वीसी प्रो. आलोक कुमार ने बताया कि पोर्टल पर एलयू का कोई भी पूर्व स्टूडेंट्स सदस्यता ले सकता है।

**वीसी ने मांगे सुझाव**

कुलपति ने सभी अल्मनाई से सुझाव मांगे हैं कि कैसे वह विश्वविद्यालय में योगदान दे सकते हैं और इसके साथ अपना जुड़ाव जारी रख सकते हैं। अब तक 184 अल्मनाई सदस्य बन चुके हैं।

## The Pioneer Page 3

### LUAA membership drive launched by Vice-Chancellor

PNS ■ LUCKNOW

Vice-Chancellor of Lucknow University Alok Kumar Rai and coordinator of Lucknow University Alumni Association (LUAA) Nishi Pandey launched this year's first membership drive through video-conferencing. More than 180 participants joined Pandey's call to the meeting, including several illustrious names of administrative, academic, journalistic and executive stature, and from all corners of the country.

There were alumni from Assam, Uttarakhand, Delhi, Bangalore and even Saudi Arabia. In his address to the alumni, Rai expressed pleasure at the turnout and remarked how he has met LU alumni everywhere he has been to.

He told the alumni that LU is working to devise a system wherein they may soon be able to get invited to their respective departments to share their expertise. He also asked them to stay in touch with LUAA in order to continue being a part of their alma mater. Pandey said that the process to formally register with LUAA has begun and soon the details will be available on the university website. She invited suggestions from the alumni on how they can contribute to the university and continue their association with it. Rahul Shukla, currently teaching at a private institute, suggested that the alumni may start mentoring LU students to prepare them for things ranging from appearing in interviews to getting placements.